# 15,000 करोड़ से ज्यादा के आईपीओ लाने की तैयारी में कंपनियां

नई दिल्ली, (भाषा)। आईपीओ के जरिये पूंजी जुटाने की गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है। अपने व्यापार के विस्तार, कार्यशील पूंजी की जरूरत और रिण चुकाने के लिए चालू वित्त वर्ष में कई कंपनियां करीब 15,000 करोड़ रूपये कीमत के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम :आईपीओ: लेकर आने की तैयारी में हैं। आने वाले महीनों में दिलीप बिल्डकॉन, नयी दिल्ली सेंटर फॉर साइट, उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज, क्वेस कॉर्प, हिंदुजा लीलेंड फाइनेंस और सीवेज शिपिंग एवं लाजिस्टिक आदि की शेयर बिक्री पेशकश की योजना है। प्राइम डेटाबेस के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने बताया कि मौजूदा समय में 25 कंपनियों की बाजार से 12,500 करोड़ रूपये जुटाने की योजना है और इसके लिए उन्होंने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड :सेबी: से आवश्यक मंजूरी भी ले ली है। उन्होंने बताया कि अन्य छह कंपनियों ने करीब 3000 करोड़ रूपये जुटाने के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा किए हैं और मंजूरी का इंतजार है।